**खबर संक्षेप**

### वाहन की ठोकर से बंदर के बच्चे की मौत



**मानपुर।** पनपथा बेरियर में बुधवार को अनियंत्रित चार पहिया वाहन ने वन्य प्राणी लाल बंदर के बच्चे को ठोकर मार दी है, जिससे उसकी मौके मौत हो गई। जागरूक ग्रामीणों ने इस घटना का विरोध किया, परन्तु बताया जाता है कि घटना के बाद मौके पर पहुंचे वन कर्मियों ने वाहन चालक के साथ नरमी बरतते हुए उन्हें तुरंत घटना स्थल से पृथक होने की नसीहत दी, जिसके बाद घटना कारित कर वाहन चालक बिना देर किए वाहन लेकर गंतव्य रवाना हो गया है। वन कर्मियों ने घटना स्थल से वाहन को क्यों जाने दिया ये बड़ा सवाल है। इसके अलावा सम्बंधित वन कर्मियों ने मृत बंदर को बिना देर किए मौके से पृथक भी कर दिया है। इस पूरे मामले में वन्य प्राणियों की सुरक्षा में लगे वन कर्मियों का नरम रवैया बड़े सवाल खड़े कर रहा है, इसके अलावा मृत बंदर को छोटे वन कर्मी की मदद से घटना स्थल से दूर कर देना साक्ष्य को खत्म करने जैसा है,जो बड़ा सवाल है।

### कलेक्टर ने किया स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण



**मानपुर।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का रविवार को कलेक्टर ने औचक निरीक्षण किया, इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य अधिकारी बीएमओ अस्पताल से नदारत मिले, वहीं मौजूद लोगों ने भी बीएमओ के अस्पताल में न रहने और निजी क्लीनिक में ज्यादा समय व्यतीत करने की शिकायत दर्ज कराई। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र में सफाई और भर्ती मरीजों को दिए जाने वाले बिस्तर में भी लापरवाही देखी गई, जिसके बाद कलेक्टर ने बीएमओ की लापरवाही को देखते हुए मामले की जांच और कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। इस दौरान एसडीएम कमलेश कुमार नीरज, तहसीलदार के.डी.पनिका, पीआरओ गंजेद्र द्विवेदी, सीईओ मानपुर आर.पी.त्रिपाठी मौजूद रहे।

### नामांकन जुलूस में सम्मिलित हुए मानपुर पार्टी के कार्यकर्ता



**मानपुर।** लोकसभा संसदीय क्षेत्र शहडोल श्रीमती हिमाद्री सिंह के नामांकन कार्यक्रम एवं जुलूस में सम्मिलित होने के लिए भारतीय जनता पार्टी मंडल मानपुर से मंडल अध्यक्ष नागेंद्र कुमार पटेल, जिला उपाध्यक्ष छोटे लाल सिंह, मंडल उपाध्यक्ष हरिहर चतुर्वेदी, ध्रुव सिंह, मंडल मंत्री तेजभान सिंह, कोदू सिंह, पिछड़ा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष श्रवण साहू, वरिष्ठ नेता भगवान दास पटेल, आशू यादव, युवा मोर्चा मंडल महामंत्री नारायण सिंह एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे है।

### मोबाइल नहीं देने पर चाकू मारकर की हत्या



**जयसिंहनगर।** थाना क्षेत्र से हत्या का एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां मोबाइल पर गेम नहीं खिलाने से नाराज युवक ने अपने ही दोस्त पर चाकू से हमला कर दिया। घायल युवक को पुलिस व स्थानीय लोग अस्पताल ले गए, जहां कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी प्रिंस कहार अपने कुछ साथियों के साथ मंगलवार को मोबाइल पर गेम खेल रहा था। राजा उर्फ राज अहिरवार पिता राम बहादुर अहिरवार, 20 वर्ष, वहां पहुंचा। आपस में एक-दूसरे ने होली की बधाई दी।

## लोकसभा चुनाव में हिमाद्री सिंह के साथ होगी फुंदेलाल की भिड़ंत

# पुरुषों से एक लाख अधिक हैं महिला वोटर, 19 अप्रैल को मतदान

बुधवार को नामांकन के आखिरी दिन 6 नामांकन और दाखिल हुए, कुल 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, लेकिन पूर्व की तरह इस बार भी कांग्रेस और भाजपा में सीधी भिडंत होनी हैं, यह पहला मौका है, जब दोनों की प्रत्याशी एक ही पंचायत किरगी के वाशिंदे हैं, साथ ही दोनों के घरों की दूरी महज 1 किलोमीटर है, यह तो तय है कि सांसद किरगी का ही होगा।





शहडोल।

शहडोल संसदीय सीट हेतु19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनावों की तैयारियां चल रहीं हैं। चुनावी मुकाबले के लिए कांग्रेस ने जहां फुंदेलाल को अपना प्रत्याशी बनाया है वहीं बीजेपी ने इस बार अपने पुराने प्रत्याशी श्रीमती हिमाद्री सिंह को ही मैदान में उतारा है उन्होने 27 मार्च को पर्चा दाखिल कर दिया है। मुख्य मुकाबला इन्ही दोनों के बीच रहेगा। यह सीट अब भाजपा की गढ़ बन चुकी है। खास बात यह भी है कि इस सीट पर महिला मतदाताओं का बाहुल्य है। 1996 से इस सीट पर अधिकांशतः भाजपा सांसदों का ही कब्जा रहा है। हिमाद्री सिंह की साफ सुथरी छबि और जनाधार को देखते हुए भाजपा ने अपनी जीत पक्की करने की मंशा से उन्हे टिकट दिया है। शहडोल लोकसभा सीट आदिवासी बाहुल्य सीट है। जो कि चार जिलों की आठ विधानसभा सीटों को मिलाकर बना हुआ है। दोनो ही दलों के समर्थकों में अपने प्रत्याशियों को लेकर काफी उल्लास है और मुकाबले के लिए रणनीति तय की जाने लगी है।

### कांग्रेस व भाजपा में होगा मुख्य मुकाबला

शहडोल लोकसभा सीट में वर्तमान में बीजेपी का कब्जा है। पिछले चुनाव में बीजेपी की ओर से हिमाद्री सिंह को मैदान पर उतारा गया था और हिमाद्री सिंह ने बड़ी जीत हासिल की थी। शहडोल लोकसभा सीट से पहली बार सांसद भी बनी थीं। इस बार भी बीजेपी ने अपने इस महिला आदिवासी नेता पर ही भरोसा जताया है। एक बार फिर से उन्हें शहडोल लोकसभा सीट से टिकट दिया गया है। कांग्रेस ने भी शहडोल लोकसभा सीट पर अपनी ओर से एक मजबूत प्रत्याशी उतारने की कोशिश की है। कांग्रेस ने शहडोल लोकसभा सीट से फुन्देलाल मार्को को चुनावी मैदान में उतार दिया है। फुंदेलाल मार्को ने अभी हाल ही में मोदी मैजिक के बीच में ही बीजेपी सांसद हिमाद्री सिंह के गृह नगर वाले विधानसभा क्षेत्र से बड़ी जीत दर्ज की है। अब कांग्रेस ने अपने इस तुरुप के इक्के को भी इस आदिवासी बहुल इलाके में लोकसभा चुनावी मैदान में उतार दिया है।

### आठ विधानसभाओं की सीट

शहडोल संसदीय सीट चार जिलों के आठ विधानसभाओं वाली सीट है। जिसमें अनूपपुर जिले की तीन विधानसभा सीट आती हैं। जिसमें अनूपपुर, कोतमा और पुष्पराजगढ़ विधानसभा सीट शामिल है, तो वहीं शहडोल जिले की तीन विधानसभा सीटों में से दो विधानसभा सीट इस लोकसभा सीट के अंतर्गत आती है। जिसमें जयसिंहनगर और जैतपुर विधानसभा सीट शामिल है। उमरिया जिले की दोनों विधानसभा सीट शहडोल लोकसभा सीट के अंतर्गत आती हैं. जिसमें मानपुर और बांधवगढ़ विधानसभा सीट शामिल है। कटनी जिले की एक विधानसभा सीट बड़वारा शामिल है और इस तरह से चार जिलों की आठ विधानसभा सीटों को मिलाकर शहडोल संसदीय सीट का सृजन किया गया। इन आठ विधानसभा सीटों में केवल पुष्पराजगढ़ को छोड़कर शेष 7 सीटों पर भाजपा की जीत हुई थी। ऐसे में हाल ही में होने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के सामने काफी बड़ी चुनौती है।

### 46 सालों में हुए 13 बार चुनाव

शहडोल संसदीय सीट के लिए पिछले 46 सालों में 13 बार चुनाव हुए हैं। जिसमें सबसे ज्यादा पांच बार दलपत सिंह परस्ते अलग-अलग पार्टियों के टिकट पर जीत कर लोकसभा पहुंचे हैं। कांग्रेस नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री दलबीर सिंह तीन बार इस लोकसभा सीट से सांसद बने हैं, जबकि उनकी पत्नी राजेश नंदिनी सिंह ने एक बार कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव जीता है। वर्तमान में दलबीर सिंह और राजेश नंदिनी की बेटी हिमाद्री सिंह भाजपा से यहां की सांसद हैं। इस बार भी भाजपा से ही चुनावी मैदान में हैं. भाजपा के ज्ञान सिंह भी यहां से दो बार सांसद रह चुके हैं. इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है कि शहडोल लोकसभा सीट एक ऐसी लोकसभा सीट है. जहां की जनता समय-समय पर नेताओं को हासिए पर लाती रहती है. ये वही लोकसभा सीट है, जहां से अजीत जोगी और दलबीर सिंह जैसे कद्दावर नेताओं को भी हार का सामना करना पड़ा था।

### पुरुषों से 1 लाख अधिक महिला मतदाता

शहडोल लोकसभा सीट में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से 1 लाख अधिक है। टोटल मतदाताओं की संख्या पर नजर डालें तो शहडोल लोकसभा सीट में टोटल 78 लाख 4,944 मतदाता हैं। जिसमें से 39 लाख 9,692 महिला मतदाता हैं. 38 लाख 5,243 पुरुष मतदाता हैं, 9 थर्ड जेंडर मतदाता है। 14,714 दिव्यांग मतदाता हैं. 80 से 85 वर्ष से ऊपर के मतदाता 3,023 हैं. इस तरह से देखा जाए तो शहडोल लोकसभा सीट पर भी महिला मतदाताओं की संख्या ज्यादा है. माना जाता है कि इस कारण को भी ध्यान में रखते हुए राजनीतिक दल महिलाओं के मैदान में उतारना अधिक लाभदायी मानते हैं।



## दो बाघ शावकों का मिला शव

### अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया शवदाह

**मानपुर।** बीटीआर के दो अलग परिक्षेत्रों में दो बाघ शावक के मौत की खबर है। इन दोनों मामलों में मेल टाइगर के हमले में दोनो शावक के मौत होने की बात कही जा रही है, मौत के क्या कारण है ये तो जांच उपरांत ही साफ हो सकेगा। फिलहाल घटना की जानकारी पर पार्क उच्च अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। पनपथा कोर के सेहरा बीट में मिले मृत शावक का पीएम आदि कर सोमवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया है,वही खितौली परिक्षेत्र के गणपुरी बीट में भदभदा नाला के पास 25 मार्च को मादा बाघ शावक को मृत अवस्था में पाया गया। मंगलवार को उच्च अधिकारी, चिकित्सक दल समेत जिम्मेदारों के समक्ष एनटीसीए गाइड लाइन के अनुसार अंतिम संस्कार किया गया है। उल्लेखनीय है कि दिसंबर से मार्च माह के बीच बाघों के प्रजनन का समय होता है, संभावना जताई जा रही है कि प्रजनन काल के दौरान बाघिन के साथ विचरण कर रहे



शावक को नर बाघ ने ही मौत के घाट उतार दिया है। अपुष्ट सूत्रों की माने तो शावक के मौत के बाद नर बाघ ने शावक के मांस को भी निवाला बनाया है। एन.टी.सी.ए. के गाईड लाईन के एसओपी का पालन करते हुए मौके पर वरिष्ठ अधिकारी, वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी, बां.टा.रि. उमरिया एवं एम.टी.सी.ए. प्रतिनिधि की उपस्थिति में 26 मार्च को पोस्टमार्टम किया गया एवं आगामी जांच हेतु बिसरा सैम्पल एकत्रित किया गया। प्रथम दृष्टया बाघ शावक की मृत्यु किसी बड़े नर बाध के साथ संघर्ष में होना पाया गया। तत्पश्चात मृतः बाघ शावक का शवदाह किया गया। एकत्रित किये गये बिसरा सैम्पल को आगामी जांच हेतु विभिन्न लैबों में भेजा जा रहा है।

# 3561 टुकड़ों में जमीन बाँटकर की अवैध प्लाटिंग

## उमरिया में होगी अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही

उमरिया।

खेती की जमीन पर शासन-प्रशासन के सारे नियमों को ताक पर रखकर उमरिया के 162 खसरों की खेत-खलिहान भूमि पर आवासीय प्लाट के रूप में खरीदी-बिक्री की गई है। स्थिति यह है कि नगर के आसपास रोज अब भी कहीं न कहीं अवैध कालोनी का नक्शा खींचा जा रहा है। नगर सहित आसपास के इलाकों में इन दिनों अवैध प्लाटिंग का कारोबार जोर-शोर से हो रहा है। रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथारिटी (रेरा) को दरकिनार कर प्लाट बेचे जा रहे हैं। इसके चलते प्लाट खरीदने वाले लोग भविष्य में परेशानी में फंस सकते हैं।

### प्लाटिंग क्षेत्र

नगर में उमरिया खास के 15, लालपुर के 42, खलेसर के 3, उमरिया तनाजा के 2, छटन कैम्प के 18, विकटगंज के 43, भरौली वीरान के 19 , चंदवार के 8, उजनिया के 12 खसरे हैं। इन सभी 162 खसरों पर कुल 3561 प्लाट काटे गए हैं, जिनका खाका तैयार कर अब कार्यवाही सुनिश्चित की जावेगी, इन अवैध प्लाटिंग करने वालों को नगरीय प्रशासन विभाग जेल में पीटी और परेड कराने की तैयारी कर रहा है, मतलब उमरिया में अवैध प्लाटिंग करने वाले लोग आने वाले दिनों में जेल के भीतर हों इसमें कोई अचरज नहीं होगा।



### खेत-खलिहान पर कब्जा

अभी भी आसपास के गांव से लगे खेतों की बिक्री आवासीय प्लाट के रूप में बेधड़क हो रही है। इन खेतों को प्लाटिंग करने वाले लोग पहले कच्ची सड़क तैयार करते हैं। इसके बाद वहां अपने तरीके से प्लाटिंग करते हैं। कृषि योग्य भूमि को प्लाट के रूप में विकसित कर खरीदी-बिक्री के लिए नियमानुसार डायवर्शन करना पड़ता है। एक से अधिक प्लाट काटने के बाद नियमानुसार कालोनाइजर एक्ट के तहत सभी फार्मेलिटी पूरी करने के बाद उसकी खरीदी -बिक्री होनी चाहिए, लेकिन बिना पंजीयन के ही न केवल आवासीय कालोनी डेवलप हो रही हैं, बल्कि खेत-खलिहान की आवास के रूप में धड़ल्ले से अवैध प्लाटिंग भी हो रही है। वहीं नगर में ऐसी कई कालोनियां हैं जिनके अवैध प्लाटिंग के मामले विभागों में लंबित है। एमपी.रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथारिटी (रेरा) के नियमानुसार किसी भी कालोनाइजर को जमीन की प्लाटिंग करने से पहले रेरा में रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। इसके अलावा प्लाट बेचने से पहले वहां जन सुविधाओं से जुड़ी चीजें नाली, सड़क, बिजली व पानी का इंतजाम, सीवर, खेल मैदान आदि की सुविधा उपलब्ध कराएगा। नगर की कई अवैध कालोनियां आज भी इन मूलभूत सुविधा से वंचित हैं।

### कार्यवाही का प्रावधान

गड़बड़ी करने वालों पर जहां रेरा उसकी योजना की लागत का दस प्रतिशत तक जुर्माना कर सकती है, वहीं किसी मामले में एफआइआर होने पर तीन साल की सजा का भी प्रावधान एक्ट में है। यही नहीं जल्द ही शासन कानून लाकर अवैध प्लाटिंग करने वालो पर रासुका लगाने की तैयारी कर रहा है, रेरा के अनुसार एक्ट की वजह से यह भी तय है कि जिनका पंजीयन रेरा में होगा, उन कालोनाइजर पर लोग भरोसा कर सकेंगे।

### अधिक रेट में खरीदी -बिक्री

क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग का खेल का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कई कालोनाइजर्स ऐसे भी हैं जिन्होंने दो-चार एकड़ जमीन का डायवर्शन कराकर 10 से 15 एकड़ जमीन पर अवैध प्लाटिंग कर रहे हैं, वहीं रेरा के नियमानुसार भूमि के डायवर्शन हो जाने के बाद ही उस भूमि का लेआउट पास किया जाता है, लेकिन रेरा के नियमों को भी दरकिनार कर बिना डासवर्शन वाली भूमि का ले-आउट पास कर दिया जा रहा है।

### ये कहते हैं नियम

नियमानुसार निजी भूमि पर कालोनी का निर्माण कराने से पहले लाइसेंस लेना पड़ता है। कालोनाइजर को संबंधित से डायवर्शन के लिए एनओसी लेनी होगी। कालोनाइजर को ट्रांसफार्मर, पानी, सड़क का निर्माण कराना होगा। पार्क के लिए भूमि आरक्षित रखनी होगी। टाउन एण्ड कंट्री प्लानिंग से भी कालोनी निर्माण के लिए अनुमति लेनी होगी। एक एकड़ से कम क्षेत्र में कालोनी बनाई जा रही है तो नगर परिषद या संबंधित को वर्तमान रेट का 15 प्रतिशत आश्रय शुल्क जमा करना पड़ता है।

## नर एवं मादा बाघों को वीरांगना दुर्गावती टाईगर रिजर्व सागर नौरादेही किया रवाना





उमरिया।

बांधवगढ़ रिजर्व उमरिया के वन परिक्षेत्र मगधी अंतर्गत बहेरहा स्थित बाडा क्रमांक-1 में रखे गये मादा बाघ उम्र 6 वर्ष एवं बाडा क्रमांक-7 में रखे गये नर वयस्क बाघ उम्र 5 साल को प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी एवं मुख्य वन्य प्राणी अभिरक्षक, मप्र भोपाल से प्राप्त अनुमति के आधार पर एल.एल. उइके मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक बांधवगढ टाईगर रिजर्व उमरिया एवं उप संचालक बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देशानुसार मौके पर उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों के समक्ष डॉक्टर के संयुक्त टीम द्वारा निष्चेतीकरण कर वीरांगना दुर्गावती टाईगर रिजर्व सागर नौरादेही के खुले वन क्षेत्र में छोड़े जाने हेतु शासकीय वाहन से स्वस्थ्य स्थिति में उक्त दोनो बाघो को उप वनमण्डलाधिकारी पनपथा वन परिक्षेत्र अधिकारी मगधी एवं डॉक्टर की उपस्थिति में सकुशल पूर्वक रवाना किया गया।

# 10 जुआरी धराये

**शहडोल।** बुढ़ार थाना क्षेत्रांतर्गत 26 मार्च को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि धनगवा में कुछ व्यक्ति जुआ खेल रहे है। सूचना पर बुढ़ार पुलिस द्वारा उक्त स्थान पर दबिश देकर जुआरी तेजराज सिंह, उमाशंकर सिंह, सुखी लाल सिंह निवासी धनगवा के संयुक्त कब्जे से 1740 रूपये एवं ताश के 52 पत्ते जप्त कर आरोपियों के विरूद्व जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बुढ़ार के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक जवाहर सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

वहीं थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत मुखबिर सूचना पर सब्जी मण्डी में कोतवाली पुलिस द्वारा दबिश देकर प्रथम फड़ से जुआरी विपिन रजक पिता रमेश रजक उम्र 22 वर्ष निवासी मदरसा के पीछे घरौला मोहल्ला, राजा उर्फ रजनीश खटिक पिता प्रहलाद खटिक उम्र 47 वर्ष निवासी वार्ड नं. 35 सिंधी बाजार, बच्चा खान उर्फ अमरुल्ला खान उम्र 45 वर्ष निवासी इतवारी मोहल्ला, शहिद खान पिता स्व. जहीर खान उम्र 60 वर्ष निवासी इतवारी मोहल्ला वार्ड नं. 08 के संयुक्त कब्जे से 6250 रूपये एवं ताश के 52 पत्ते एवं दूसरी फड़ से अनिल खटिक पिता अनूप खटिक उम्र 28 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती, असरफ खान पिता अकबर खान उम्र 40 वर्ष निवासी इतवारी मोहल्ला, राहुल खटिक पिता सुनील खटिक उम्र 30 वर्ष निवासी सिंधी बाजार के संयुक्त कब्जे से 4120 रूपये एवं ताश के 52 पत्ते जप्त कर आरोपियों के विरूद्व जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक रजनीश तिवारी, राकेश बागरी, राजेन्द्र तिवारी, सत्यनारायण पाण्डेय प्रधान आरक्षक मायाराम अहिरवार, आरक्षक रौनक पवार एवं अतुल शुक्ला की सराहनीय भूमिका रही।

**ओरियण्ट पेपर मिल्स, अमलाई के स्वामित्व एवं कब्जे की निम्न भूमियों का विक्रय किया जाना है**

ग्राम झगरहा स्थित भूमि खसरा नंबर 1313, 1315, 1320, 1321, 1322, 1323, 1324, 1325, 1326, 1331, 1383, 1384, 1385, 1388, 1389, 1397,1401, 1404 (कुल रकबा लगभग 100 एकड़) का विक्रय किया जाना है। यह भूमि बुढ़ार चचाई मार्ग पर ग्राम झगरहा में अमराडंडी रेल्वे क्रासिंग के पास से इंदिरा नगर क्रासिंग के बीच मुख्य मार्ग पर स्थित है।

इच्छुक व्यक्ति अपने प्रस्ताव दस दिनों के अंदर ''सहायक उपाध्यक्ष (वित्त एवं लेखा), ओरियण्ट पेपर मिल्स, अमलाई, जिला शहडोल (म0प्र0) 484117'' के कार्यालय पर भेजें अथवा dilip.inani@opil.in पर मेल करें। अधिक जानकारी के लिए मोबाईल क्रमांक 7987137209 पर संपर्क करें। कृपया अपने प्रस्ताव में उपरोक्त भूमियों के लिए प्रति एकड़ की दर से राशि दर्शाएं।

**ओरियण्ट पेपर मिल्स, अमलाई**

## खबर संक्षेप

### आयुक्त की अध्यक्षता में लोक सभा निर्वाचन के कार्यो की समीक्षा बैठक आज

**उमरिया।** आयुक्त बाबू सिंह जामोद की अध्यक्षता में लोक सभा निर्वाचन के कार्यो की समीक्षा बैठक 28 मार्च को दोपहर 3 बजे से सामुदायिक भवन उमरिया में आहूत की गई है। बैठक में सर्व संबंधितों से अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित होने की अपेक्षा की गई है।

### सहायक आयुक्त ने सहायक शिक्षक पाली को किया निलंबित

**उमरिया।** सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग अखिलेश पाण्डेय ने राधेश्याम शर्मा सहायक शिक्षक विज्ञान शासकीय उत्कृष्ट उमावि पाली को मप्र सिविल सेवा नियम के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी विकासखण्ड पाली नियत किया गया है।

### चुनाव संबंधी सूचनाओं के लिए टोल फ्री नम्बर 1950 है 24 घण्टे उपलब्ध

**उमरिया।** लोकसभा निर्वाचन के दौरान शिकायतों के निराकरण के लिये प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। राज्य स्तर पर संचालित कॉल सेंटर का टोल फ्री नम्बर 1950 पर लगातार 24 घण्टे काम हो रहा है। प्राप्त शिकायतों को नेशनल ग्रेवियेंस सर्विसेज पोर्टल पर भी दर्ज किया जा रहा है। प्रत्येक जिले में कांटेक्ट सेन्टर के माध्यम से प्रति दिन मॉनीटरिंग की जा रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय को प्राप्त हो रही शिकायतों को भी डिजिटाइज कर समय-सीमा में उनका निराकरण किया जा रहा है। राजनैतिक दलों द्वारा की जा रही शिकायतों के संधारण हेतु प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट का अलग से मॉड्यूल तैयार किया गया है। इसके माध्यम से समस्त राजनैतिक दलों द्वारा की गई सभी प्रकार की शिकायतों के निराकरण की स्थिति उनके द्वारा वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

### होली के त्यौहार मेa मातम की खबर

**कोतमा।** नगर में जहां एक ओर होली का पर्व बड़े धूमधाम एवं उत्साह के मनाया जा रहा था वहीं कोतमा नगर पालिका अंतर्गत वार्ड क्रमांक 9 कलमुड़ी में एक दुखद हादसा सामने आया जहां एक 10 वर्षीय बालक की कुआं में गिरकर डूबने से मौत हो गई। बताया जाता है कि प्रीतम भरिया 10 साल पिता स्वर्गीय संजू भरिया जो कि गांव के ही कुछ लोगों के साथ होली खेलने निकला था और दोपहर में नहाने के दौरान कुआं में गिर गया। घटना की खबर से पूरे वार्ड में सनसनी फैल गई। मामले की सूचना वार्डवासियों द्वारा थाने में दी गई। पुलिस ने शव परीक्षण कर पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया। मामले में मर्ग कायम कर मौत के कारणों की जांच पड़ताल की जा रही है।

### सकोला राधा कृष्ण मंदिर मे 1 वर्ष से जाप मंत्र का हआ समापन



**बदरा/जमुना।** सकोला प्राचीन श्री राधा कृष्ण मंदिर में साल के एक महीना होने वाली जाप मंत्र इस बार निरंतर 1 साल के लिए चलाया गया। रात दिन राधेश्याम सीताराम यह जाप मंत्र गांव एवं आसपास के क्षेत्र में सुनाई देती रही ग्रामीण जन महिलाएं एवं पुरुष और बच्चे बूढ़े बारी-बारी से राधेश्याम सीताराम जाप मंत्र बोलते रहे जिसका समापन 27 मार्च को पूर्ण आहुति एवं विसर्जन हवन का कार्यक्रम हुआ वही आज विशाल भंडारे का आयोजन रखा गया है।

## दर्जनों गड्ढे अधूरे पड़े, पुराने कार्यों का नहीं हो रहा अवलोकन

# गुणवत्ताहीन सोख्ता गड्ढे बनवाकर डकार गए बजट


**शहडोल।** क्षेत्रीय विकास के नाम पर ग्रामपंचायतों को भरपूर बजट एलाट कर दिए जाने और उसके आहरण का अधिकार सरपंच सचिव को दे दिए जाने से राशि का जमकर दुरुपयोग हो रहा है। जबकि क्षेत्रीय विकास कहीं दिखाई नहीं पड़ता। हर साल ग्रामपंचायतों के द्वारा पंच परमेश्वर व 15 वें वित्त मद से लाखों रुपए का आहरण किया जाता है लेकिन विकास कहीं दिखाई नहीं पड़ता है। समीपी ग्राम सिंदुरी(चुनिया)में भी यही हाल देखने को मिल रहा है। ग्रामपंचायत के द्वारा बीते वर्ष सोख्तापिट बनवाने का काम शुरू कराया गया था। लेकिन आज तक काम पूरा नहीं हुआ और अब तो नई पंचायत के आ जाने से काम बंद ही कर दिया गया है। एक तो लक्ष्य पूरा नहीं हुआ और जो बने वह भी घटिया और अधूरे बने पड़े हैं। ज्ञातव्य है कि प्रति गड्ढा 15 हजार के मान से व्यय कर लगभग 3 लाख रुपए फूंक दिए गए।

### जल सरंक्षण करना था उद्देश्य

शासन ने ग्रामीण अंचलों में जन स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए सफाई को जरूरी माना था और स्वच्छता मिशन के तहत हैण्डपंपों के आसपास सोख्तापिट बनवाने के लिए निर्देशित किया था। शासन का एक उद्देश्य यह भी था कि हैण्डपंपो से निकाला अतिरिक्त पानी इधर उधर बहने की बजाय सीधे गड्ढों के माध्यम से जमीन के अंदर जाएगा और भूमि के जल स्तर को संतुलित रखेगा। इससे पानी की समस्या भी समाप्त होगी।

### गड्ढे पूरे बने नहीं, रकम कर ली आहरित

ग्रामीणों ने बताया कि शासन के निर्देश के बाद



ग्रामपंचायत सिंदुरी ने स्थल चयन कर काम शुरू कराया था। लगभग 15 हजार प्रति सोख्ता की लागत से 20 की संख्या में सोख्ता गड्ढे बनवाए गए। लेकिन इनका निर्माण तकनीकी मानको के अनुरूप नहीं किया गया। दूसरी बात यह है कि इनमें नीचे पेंदी में बड़े पत्थर और बालू डाली जानी चाहिए थी ताकि पानी सीधे नीचे जमीन में जाए। लेकिन किसी गड्ढे में यह कार्य नहीं कराया गया है। साथ ही प्लास्टर आदि की व्यवस्था भी ढंग से नहीं हुई है।

### गिरने की कगार पर गड्ढे

सोख्ता का निर्माण न तो गुणवत्तापूर्ण हुआ और न उनका कार्य पूर्ण कराया गया। इसलिए वे आज भी बिना देखरेख उपेक्षित से पड़े हैं हालत यह है कि अब वे धीरे धीरे जर्जर से होने लगे हैं। अगर यही स्थिति रही तो वे कुछ ही समय में गिर जाएंगे और शासन के लाखों रुपए बेकार चले जाएंगे। चुनाव करीब आने पर तत्कालीन सरपंच और सचिव ने रकम निकालने के लिए आनन-फानन काम शुरू करा दिया था। लेकिन यह कार्य पूर्ण नहीं हो पाया और बीच में ही बंद कर दिया गया।

### वर्तमान पंचायत भी उदासीन

ग्रामीण सोचते थे कि नई पंचायत के गठन के बाद सोख्ता का अधूरा काम पूरा होगा लेकिन पंचायत पदाधिकारियों की मंशा सोख्ता की ओर नहीं है। वे नई योजनाओं की फिराक मे लगे हैं। पुराने अधबने पड़े सोख्ता उनकी आंखो तले नहीं ठहर रहे हैं। ग्रामसभा में भी चर्चा नहीं होती है। एक अन्य निर्माण कार्य भी अधूरा पड़ा है। प्रतिनिधियों का कहना है कि वे पूर्व के घटिया निर्माणों को कहां तक पूरा करवाएंगे।



## डॉ. निपाने की संवेदनशीलता ने नवजात को दिया नवजीवन

**उमरिया।** जिला अस्पताल में पदस्थ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. एस. के. निपाने की संवेदनशीलता एवं एसएनसीयू के समस्त स्टाफ की मेहनत के परिणामस्वरूप एक गंभीर नवजात शिशु को एक नया जीवन मिला है। बटुराबाह निवासी तरसु गोंड की पत्नी का ग्राम चंसुरा में 7 मार्च को प्रसव हुआ। नवजात शिशु की स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण उसे जिला अस्पताल उमरिया रिफर किया गया. जहां जिला अस्पताल के एसएनसीयू में नवजात शिशु को भर्ती किया गया किंतु बच्चे की हालत अत्यधिक गंभारी थी, परीक्षण उपरांत बच्चे के शरीर में प्लेटलेट की अत्यधिक कमी जिसकी संख्या बीस हजार पाई गई, जिसके लिए बच्चे को पुनः रिफर करने की स्थिति बन गई, लेकिन शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. निपाने द्वारा नवजात शिशु का उपचार प्रारंभ किया गया एवं सार्थक प्रयास के परिणामस्वरूप नवजात शिशु को एक बार पुनः नवजीवन मिला। नवजात शिशु पूर्ण रूपेण स्वस्थ होकर अस्पताल से डिस्चार्ज किया जा चुका है एवं डिस्चार्ज के समय प्लेटलेट तीन लाख से अधिक हो चुकी है। डॉ.निपाने एवं समस्त स्टाफ के द्वारा किए गए कार्य हेतु सिविल सर्जन डॉ. के. सी. सोनी द्वारा प्रशंसा की गई, ज्ञात हो कि डॉ. निपाने को प्रदेश स्तर पर भी दो बार प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है।

## धार्मिक स्थलों में सभा करने या प्रचार करने की नहीं होगी अनुमति

**उमरिया।** निर्वाचन आयोग ने चुनाव प्रचार के संबंध में निर्देश देते हुए बताया है कि आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के समय किसी भी धार्मिक स्थान में राजनैतिक सभा करने अथवा किसी भी माध्यम से प्रचार करने की अनुमति नहीं होगी। उल्लंघन करने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। निर्वाचन आयोग ने सभी कलेक्टरों को इस संबंध में दिए गए निर्देशों का कठोरता से पालन करने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों में कहा गया है कि सभी नगरपालिका अधिकारियों को क्षेत्र मे होर्डिंग के लिए चिन्हित स्थलों की दरों का निर्धारण कर कुछ स्थलों को स्वीप एवं निर्वाचन संबंधी अन्य जानकारी प्रदर्शित करने हेतु आरक्षित करें। साथ ही अन्य उपलब्ध स्थलों को निर्धारित दरों पर समानता के अनुसार प्रचार के लिए उपलब्ध कराएं। सभी एसडीएम को सभा स्थलों का चिन्हांकन कर उक्त स्थलों में कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने की कार्यवाही शीघ्र संपादित करने के लिए कहा है। उन्होंने यह भी कहा लाउडस्पीकर चलाने की अनुमति में यह ध्यान रखा जाए। सभी शर्तों का स्पष्ट रूप से उल्लेख हो एवं शर्तों का अनुपालन पूरी कड़ाई के साथ करें।

### 33 अभ्यर्थियों ने भरे 43 नाम निर्देशन पत्र

**उमरिया।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार पहले चरण के लिये नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया जारी है। मंगलवार 26 मार्च को 33 अभ्यर्थियों ने 43 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये हैं। अधिसूचना जारी होने से लेकर अब तक कुल 49 अभ्यर्थियों द्वारा 64 नाम निर्देशन पत्र भरे जा चुके हैं। नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये गये अभ्यर्थियों के शपथ पत्र एवं अन्य जानकारियां भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट की लिंक ीजजचेर्ूध्ध्ंपकंअपज.मबप.हवअ.पदध्‌ पर देखी जा सकती हैं। श्री राजन ने बताया कि पहले चरण के लिये नाम निर्देशन पत्र बुधवार, 27 मार्च को अपरान्ह 3 बजे तक भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की संवीक्षा गुरुवार, 28 मार्च को की जाएगी। नामांकन भर चुके प्रत्याशी शनिवार, 30 मार्च तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। पहले चरण के लिए शुक्रवार, 19 अप्रैल को मतदान होगा। मतगणना 4 जून को होगी।

**अब तक कुल 49 अभ्यर्थियों द्वारा 64 नाम निर्देशन पत्र दाखिल**

## विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

**उमरिया।** जेल अधीक्षक डी. के. सारस ने बताया कि प्रधान न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया के निर्देशन में एवं जिला न्यायाधीश सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया के मार्गदर्शन में जिला जेल उमरिया में अमित शर्मा, जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।



बंदियो को तथा जेल में परिरूद्ध महिला बंदियो को विधिक सहायता की जानकारी दी गई। उनसे उनके प्रकरण में पैरवी कर रहे अधिवक्ता की जानकारी ली गई। इस अवसर पर तीन बंदियो के विधिक सहायता के आवेदन प्राप्त कर माननीय न्यायालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अग्रेषित किया गया। इस अवसर पर जिला न्यायालय के प्रशिक्षु आयुषी तिवारी एवं इसिता रैकवार भी उपस्थित रहे। उन्होंने जेल के संबंध में सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक नियमध्प्रावधान की जानकारी प्राप्त की। महिला बंदियो को उनके द्वारा विधिक सहायता के संबंध में अवगत कराया गया। जेल अधीक्षक डी.के. सारस, उप अधीक्षक माखन सिंह मार्को एवं ड्यूटीरत प्रमुख मुख्य प्रहरी एवं महिला प्रहरी के द्वारा महिला बंदियो को इस शिविर में सम्मिलित कराया गया।

## कोयलांचल पहुंच एडीजीपी ने की भयमुक्त मतदान की अपील




**कोतमा।** 25 मार्च देर रात को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शहडोल जोन डी.सी. सागर द्वारा होली पर्व के अवसर पर कोतमा नगर सहित क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेन्द्र सिंह पवार, अति पुलिस अधीक्षक शिवकुमार सिंह के साथ कोतमा नगर एवं बुढ़ानपुर गांव में भ्रमण कर पुलिस व्यवस्था देखा और जनता से मुलाकात कर संवाद किया गया। उन्होंने जनता से संवाद कर आग्रह किया कि होली के पर्व को हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण वातावरण में मनायें। साथ ही लोकसभा चुनाव के अवसर पर शहडोल जोन में लोकतंत्र के राष्ट्रीय पर्व मतदान 19 मार्च को हर्षोल्लास के साथ शत-प्रतिशत मतदान करें। लोकसभा चुनाव के दौरान स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में मतदान सम्पन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन प्रतिबद्ध है। जनता में मतदान के प्रति उत्साहवर्धन के लिए एडीजीपी डी सी सागर द्वारा स्वरचित स्लोगन पेश किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी सुंन्द्रेश मरावी बिजुरी थाना प्रभारी विकास सिंह सम्मिलित हुए।

## राजनगर महाविद्यालय में चलाया गया पर्यावरणीय जागरूकता अभियान

**राजनगर।** शासकीय महाविद्यालय राजनगर में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम से संबंधित व्यवहारिक ज्ञान हेतु पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम /गतिविधियों में शासकीय विद्यालय राजनगर के विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों के तहत अपने प्रतिभाओं को प्रस्तुत किया। जैसे चित्रकला प्रतियोगिता का प्रदर्शन,( सिंगल यूज प्लास्टिक रोकना) आसपास तालाबों की साफ सफाई, जैव विविधता का मॉडल प्रदर्शनी एवं पर्यावरण जन जागरूकता अभियान और प्रकृति भ्रमण में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर काफी उत्सुकता दिखाई। इन सभी गतिविधियों को सफल आयोजन में महाविद्यालय स्टाफ और प्राचार्य डॉक्टर माया पारस सहायक प्राध्यापक (हिंदी) का योगदान सराहनीय रहा।




## मां नर्मदा की रंग बिरंगी साड़ी से हुआ श्रृंगार, भांग और हलवे का लगा भोग

**अनूपपुर।** पवित्र नगरी अमरकंटक में होली का पर्व परंपरा अनुसार मनाया गया। जहां मां नर्मदा की विशेष साज सज्जा किए जाने के साथ ही होली पर्व पर शक्तिपीठ होने के कारण विशेष साधना की गई। मां नर्मदा मंदिर के पुजारी पंडित धनेश द्विवेदी ने बताया कि होली के त्यौहार में मां नर्मदा की विशेष आराधना की गई। इसके अंतर्गत जहां अन्य दिन मां की साड़ी एक जैसी रहती है, वहीं होली के दिन रंग-बिरंगी साड़ी से मां का श्रृंगार किया गया। इसके साथ ही भोग में उन्हें भांग से बनी मिठाई के साथ ही हलवे का प्रसाद एवं बेसन के पकोड़े चढ़ाया गया। होली के अवसर पर अमरकंटक नर्मदा मंदिर परिसर में सभी नगरवासियों ने धुरेड़ी के पश्चात मंदिर परिसर पहुंचकर सबसे पहले मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात एक दूसरे को रंग लगा करके होली पर्व की बधाई दी। इसके पश्चात सामूहिक रूप से फाग गाया। इसके बाद यहां भांग का प्रसाद आने वाले श्रद्धालुओं को प्रदान किया गया।





## जनपद खेल मैदान में ओपन वॉलीबॉल खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**जैतहरी।** भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष वशिष्ठ एवं जिल पंचायत अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा के दिशा निर्देश में 27 मार्च को जैतहरी जनपद खेल मैदान में ओपन वॉलीबॉल खेलकूद प्रतियोगिता कराई गई जिसमें यंग क्लब जैतहरी विजेता रही संतोषी क्लब जैतहरी उप विजेता रही। कार्यक्रम मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत कराया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमर शाह एसडीओ सचिन समैया डॉक्टर पशु चिकित्सा एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट अरविंद उसके इंजीनियर डी पी एडीओ रमेश चंद्र वर्मा मथुरा प्रसाद मोगरे संजय मिश्रा कार्यक्रम को सफल बनाने में शेख खलील कुरेशी जनजाति एवं शिक्षा विभाग कीड़ा प्रभारी रामचंद्र यादव जिला खेल प्रशिक्षक लल्लू लाल मिश्रा पीटीआई गोरसी दिनेश कुमार सिंह चंदेल विकासखंड समन्वय क खेल एवं युवा कल्याण विभाग ग्रामीण युवा केंद्र जैतहरी स्टेट रेफरी नेशनल ट्रेनर पूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम में पूर्ण व्यवस्था नगर पालिका परिषद जैतहरी के मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र सिंह एवं उनके साथी संजू राठौर एवं नगर पालिका के सभी कर्मचारियों का पूर्ण सहयोग रहा एवं रवि प्रकाश नारायण त्रिपाठी शशिकांत शुक्ला अभिनव द्विवेदी पंकज प्रजापति शैलेंद्र धुर्वे शुभम मलिक सुनील समुद्र मंथन समुद्र राजू समुद्र दुर्गेश वंशकार सूरज वंशकार अमन वर्मा सुजल बिरहा विजय मोगरे डीएन सिंह चंदेल आदर्श बर्मन सिद्धांत गौतम दीक्षांत गौतम निश्चय गौतम अंबर निखर राजकुमार चर्मकार हिमांशु पांडे ए गणेश चर्मकार इसका क्या नाम है आशु केवट अमन समुद्र विश्वजीत परस्ते अनिमेष त्रिपाठी इतिहास खिलाड़ियों का एवं दिनेश निषाद फुटबॉल के अच्छे खिलाड़ी एवं निर्णायक का पूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम मे निर्णायक की भूमिका एवं मां संचालन दिनेश कुमार सिंह चंदेल स्टेट रेफरी नेशनल ट्रेनर विकासखंड समन्वय खेल एवं युवा कल्याण विभाग ग्रामीण युवा केंद्र जैतहरी जिला अनूपपुर एवं रामचंद्र यादव जिला वॉलीबॉल कोच अनूपपुर के द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर आशीष वशिष्ठ एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालक अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा के दिशा निर्देश में किया गया जो कार्यक्रम बहुत अच्छा एवं सराहनी रहा है कार्यक्रम के अंत में डॉक्टर सचिन समैया जीने कहा कि इसी तरह मतदाता जागरूकता अभियान की तरह वॉलीबॉल खेलकूद की प्रतियोगिता कराई जाती रही तो निश्चित ही वोट प्रतिशत बढ़ेगा इसके लिए श्री चंदेल श्री कुरैशी जी बधाई के पात्र हैं जो कार्यक्रम करवा रहे हैं मैं आशा करता हूं किसी तरह कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपाली की दिशा निर्देश में सीताराम मतदाता जैव विविधता अभियान के तहत वॉलीबॉल प्रतियोगिता होती रहे एवं वोट प्रतिशत आगे बढ़े तो हमारे जिले का नाम वोट प्रतिशत में अव्वल रहेगा इस कार्यक्रम करवाने का मुख्य उद्देश्य यही है। जितेंद्र सिंह पवार पुलिस अधीक्षक शिवकुमार सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रभारी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी जिला अनूपपुर के दिशा निर्देश में भी कार्यक्रम कराया गया।

खबर संक्षेप



## लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा सतना द्वारा उप प्रांताध्यक्ष का भव्य स्वागत

**रीवा।** मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के उप प्रांताध्यक्ष के.सी. त्रिपाठी एवम् प्रांतीय सदस्य नैपाल सिंह का एक दिवसीय सतना प्रवास के दौरान जिला अध्यक्ष और सभी कर्मचारियों ने माल्यार्पण द्वारा भव्य स्वागत किया गया। स्वागत समारोह का संचालन पूर्व सचिव अमित त्रिपाठी ने किया। उप प्रांताध्यक्ष श्री त्रिपाठी ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रामकृपाल कोल को बधाई देते हुए शीघ्र जिला कार्यकारणी का गठन किए जाने एवम् सदस्यता अभियान में गति लाने का निर्देश दिया गया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उप प्रांताध्यक्ष ने जिला अध्यक्ष को एकजुट होकर संघ को मजबूत करने की सलाह दी गई। स्वागत समारोह में विनोद कुमार सेन, हेमराज नागर, ध्रुवचरित्र प्रजापति, राम प्यारे भास्कर, मनेन्द्र द्विवेदी, राम दयाल कोल, प्रहलाद वर्मा, सविता विश्कर्मा सहित भारी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

## उपमुख्यमंत्री के निज निवास पर हुआ फॉग गीत का आयोजन



**रीवा।** मध्य प्रदेश के डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल के निज निवास स्थान पर हुआ फॉग गीत का आयोजन जमकर उड़े गुलाल जानकारी के मुताबिक बताते चलें कि मध्य प्रदेश के डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल अपने गृह जिले अपने निज निवास स्थान रीवा के अमहिया में होली मनाने पहुंचे हैं. उन्होंने अमहिया में विभिन्न समाज के लोगों और युथ क्लब के युवाओं संग होली खेली. इस दौरान डिप्टी सीएम फाग गीतों में जनता के झूमते दिखाई दिए, यहां डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने अपनों के बीच होली और फाग का आनंद लिया और भाजपा कार्यकर्ताओं को अबीर गुलाल लगाकर उन्हें होली की बधाई भी दी. वही भाजपा नेता आचार्य वर्धमान कुमार उरमलिया (पंकज) ने कहा कि होली एक सांस्कृतिक, धार्मिक और पारंपरिक त्योहार है।

### मुख्य चिकित्सा, विधायक का आदेश बना मजाक

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मार्ग कब होगा बहाल

सामुदायिक केंद्र धनपुरी बाउंड्रीवाल बनाने का कार्य हो रहा है लेकिन कॉलोनी,वार्ड के लोगों के लिए अस्पताल पहुंच मार्ग जो वर्षो पुराना आम रास्ता को अवरुद्ध कर दिया गया। वार्ड के लोगों में आक्रोश व मार्ग खोले जाने की मांग की जा रही है।






धनपुरी।

मार्ग अवरुद्धबाउंड्रीवॉल के साथ बड़ा गेट लगाने की बजाय दो फिट का छोटा सा गेट गला दिया गया है जो पिछले तीन माह से कालरी की तरफ से आने जाने वाले आम मार्ग को अस्पताल प्रबंधन ने बंद कर दिया गया है। जबकि इस रास्ते से कालरी क्षेत्र के लगभग 10 वार्डो के लोग निवासरत है जहा मरीज सहित स्थानीय नागरिकों को शॉर्टकट यानी अस्पताल पहुंच मार्ग 1किलो मीटर अधिक दूरी तय करना पड़ता है।प्रबंधन बना तानाशाहइस रास्ते को बंद करने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड रहा है स्थानीय नागरिकों ने कलेक्टर शहडोल विधायक जैतपुर, नगर पालिका अध्यक्ष, तहसीलदार बुढार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी धनपुरी को हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन देकर पिछले तीन माह से चालू करने की मांग की जा रही है। अस्पताल प्रबंधन के तानाशाही रवैया से वार्ड वासियों में आक्रोश व्याप्त है? मांग हुआ बेअसर ज्ञापन देने के बाद इतना ही हुआ कि जहां पहले 12 फीट चौड़ा मार्ग था वहां मात्र 2 फीट का गेट लगा दिया गया और उसपर भी ताला जड़ दिया गया है।यानि अब कालरी कालोनी कि ओर से हर आने वाले मरीजों को अब हॉस्पिटल आने जाने के लिए 1 किलोमीटर का अधिक सफर तैयकर मेंन गेट से ही प्रवेश करने के बाद ही आप हॉस्पिटल पहुंचेंगे, इस संबंध में ने कहा कि स्थानीय नागरिकों व जनप्रतिनिधियों के मांग पर पुराना रास्ता चालू करने के लिए निर्देश दिया गया है अगर मार्ग बंद है तो मुझे सूचित करें डॉक्टर ए के लाल सीएमओ शहडोल।इस संबंध मेंसामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनपुरी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ने कहा कि यह आम रास्ता नहीं है इस मार्ग को किसी भी हाल में पुनः चालू नहीं किया जाएगा जिसे जहां शिकायत करना है करें मुझे फर्क नहीं पड़ता है।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनपुरीमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सचिन कारखुर।इस संबंध मेंसामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनपुरी के मार्ग बंद करने के संबंध में उन्होंने कहा कि सीएमओ डॉ ए के लाल को मैंने कह दिया है कि वह मार्ग चालू करना है वह आम रास्ता है जयसिंह मरावी विधायक जैतपुर।

## होली का रंग संवारने मुस्तैद रही पुलिस फिर भी जगह-जगह बहे लहू

**रीवा।** होली का त्यौहार मिलन का त्यौहार होता है, इस त्यौहार में लोग सारे गिले शिकवे दूर कर एक दूसरे के गले मिलते है। लेकिन ये प्रचलन समाप्त हुए वर्षो बीत गये, अब तो होली का त्यौहार लोग दारू पीने और दुश्मनी भुनाने का त्यौहार मानने लगे है। रंगो की होली अब खून की होली का रूप ले ली है। कोई दारू पीकर वाहन चलाने में वीर गति को प्राप्त होता है तो कोई दुश्मनों का शिकार होने पर। पुलिस इस होली के त्यौहार को शांति प्रिय बनाने के लिए एक ह ते से कसरत करने लगती है। एसपी थानावार अपराधों की जानकारी लेकर अपराधियों से निपटने के लिए कारगर कदम उठाने के संकेत देते है ताकि रंगों का त्यौहार किसी के घर को बेरंग न कर दे। पुलिस बल कम होने के बावजूद भी चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात करते हैं ताकि कोई तेज वाहन चलाते हुए न निकले और न ही कोई अप्रिय घटना घटे। आमजनो का रंग संवारने के लिए पुलिस के आला अधिकारी हर संभव प्रयास करते हैं, ताकि हुड़दंग होली को बेरंग न कर दे। लेकिन इस वर्ष दारूखोर हुड़दंगो ने सारी सीमायें ही पार कर दी। जिधर ही देखो उधर ही पुलिस पर जानलेवा हमला होने की खबर आलोक में आई। होलिका दहन के दिन बैकुंठपुर पुलिस पर दारूखोरों ने जानलेवा हमला किया तो वहीं दूसरे दिन धुरेड़ी को रायपुर कर्चुलियान पुलिस पर दारूखोरों ने जानलेवा हमला कर पुलिस विभाग में दहशत फैला दी। ये अलग बात रही कि घटना की जानकारी लगते आसपास के थानों की पुलिस मौके पर पहुंच कर घर-घर घुसकर जमकर खाकी का रंग दिखाया और कई लोगों को घसीट कर थाना ले आई। जिसमें महिलायें भी शामिल हैं। यदि हम रायपुर कर्चुलियान में हुई वारदात की बात करें तो वहां दारूखोरों ने बंद पड़ी शराब दुकान का दरवाजा तोड़ कर शराब सहित नगदी रूपये लूट लिये और जब पुलिस पहुंची तो उस पर जानलेवा हमला कर भाग निकले। इसी प्रकार बैकुंठपुर कस्बे के दलित बस्ती के सामने दलितों का झुंड अराजकता फैला रहा था और जब पुलिस पहुंची तो टीआइर पर चाकू से हमला कर दिया। गनीमत रही कि चाकू टीआई को न लग कर बचाव में सामने आई आरक्षक को लगी। दारूखोरो की टोली पुलिस की अभिरक्षा में रहे अपने साथी को छुड़ाकर भागने में कामयाब रहे। बताया जाता है कि इस वारदात में दलित महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया था।

## पिकनिक और होली हर्षोल्लास के साथ मनाई गई, मटकी फोड़ प्रतियोगिता

### 20 फिट ऊंची मटकी टूटी

धनपुरी।





होली का त्यौहार नगर मे दो दिवसीय 25-26 मार्च को पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ गया । नगर मे होली पर्व को लेकर अधिकांश प्रतिष्ठाने बंद रखकर लोग ने होली खेलने में मशगूल देखे गए।श्रीराधा कृष्ण संग होलीनगर के सुप्रसिद्ध श्रीराधा कृष्ण मंदिर में पाच दशक से होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है हिंदू धार्मिक संस्था के द्वारा होली पर्व को मनाने के लिए अबीर, गुलाल ,रंग, नास्ता की पूर्ण व्यवस्था की गई जहां विधायक जयसिंह मरावी, हनुमान खंडेलवाल, पत्रकार राजू अग्रवाल, एसपी सिंह, लक्ष्मण सोनी, मो सफीक सहित नगर के गणमान्य नागरिक सहित बच्चे भारी संख्या में पहुंचकर लोगो ने सर्वप्रथम भगवान श्रीराधा कृष्ण प्रतिमा पर अबीर गलाल लगा कर आशीर्वाद लिया और रंगो का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया।मटकी फोड़ प्रतियोगिताधनपुरी गोल बाजार में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन आयोजन समिति के द्वारा किया गया मटकी फोड़ प्रतियोगिता मे कई टीमों ने हिस्सा लिया कई मटकी फोड़ी गई विजेता टीम को पुरस्कृत किया गयाहै।मटकी 20 फिट ऊची गोल बाजार मे मटकी फोड़ प्रतियोगिता को लेकर मटकी को ऊपर लटकाया गया था टीम के द्वारा एक-दूसरे को ऊपर चढ़कर श्रृंखला बनाते हुए मटकी को थोड़ा । मटकी तक पहुंचने के लिए कई बार युवाओं द्वारा प्रयास किया गया कई बार गिरे भी। हालांकि पानी रंगों की बौछार के बीच एक दूसरे के ऊपर चढ़कर मटके को छोड़ना आसान नहीं था विजेता टीम को आयोजन समिति के द्वारा सम्मानित व पुरस्कृत किया गया।चार यार मिल जाए वही है गुलजारहर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली के दूसरे दिन सपरिवार, ईस्ट मित्रों सगे संबंधियों के साथ सुबह अपने टू व्हीलर फोर व्हीलर वाहनों से सैर सपाटा करते पिकनिक स्थलों पर पहुंचकर मन मुताबिक व्यंजन होली के तड़का के साथ बच्चे महिलाएं पुरुष खूब मजा ली और वर्षों पुरानी अवबीत को शेयर किया नगर के आसपास पिकनिक स्थलों में चंदन घाट, लखबरिया, नर्मदा डैम, गणेश आश्रम, अमरकंटक, कपिलधारा, आदि पर्यटन स्थलों पर सुबह से दोपहर तक पिकनिक मनाने वालों की ओढ लगी रही पिकनिक स्थल पर लोगों ने संगीत नाच गाने के साथ परिवार के साथ यादगार पिकनिक मनाया मनोरंजन किया।होली पर भी सेल्फी का क्रेज होली खेलने के बाद महिला पुरुष बच्चे के चेहरे बदरंग थे लेकिन लोग सेल्फी लेने से पीछे नहीं रहे वह खासकर युवा लड़के लड़कियां सेल्फी ले रहे थे जो उन्होंने सेल्फी लेकर अपने इष्ट मित्रों सगे संबंधियों को सेल्फी फोटो शेयर किए खूब मजे लिए।

## लोस चुनाव के लिए अधिसूचना आज होगी जारी, नामांकन पत्र आज से होंगे दाखिल

**रीवा।** निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित लोकसभा निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार रीवा संसदीय क्षेत्र में निर्वाचन की अधिसूचना 28 मार्च को जारी होगी। इसी दिन से नामांकन पत्र दाखिल करने का क्रम आरंभ होगा। मतदान के लिए 26 अप्रैल की तिथि का निर्धारण किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 15 के तहत निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा की गई है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 28 मार्च को अधिसूचना के प्रकाशन के साथ ही नामांकन पत्र जमा करने का क्रम शुरू हो जाएगा। नामांकन पत्र रिटर्निंग आफीसर अथवा सहायक रिटर्निंग आफीसर के समक्ष कलेक्ट्रेट कार्यालय रीवा में कलेक्टर न्यायालय कक्ष में दाखिल किए जाएंगे।



## युवा विकसित भारत के अग्रदूतः जनार्दन मिश्रा

**रीवा।** प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है आजादी के 100 वर्ष पूरे होने तक भारत दुनिया की महाशक्ति के रूप में स्थापित हो जाएगा और देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए मोदी जी कठिन परिश्रम में जुटे हुए हैं युवा तरुणाई मोदी के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है भाजपा युवा मोर्चा भारतीय जनता पार्टी की रीड है विकसित भारत के अग्रदूत बनाकर युवा तरुणाई हर बूथ में विजय के संकल्प को पूरा करें और अतिरिक्त 370 वोट प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत से जुटे युवा मोर्चा द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा जवा में कहीं श्री मिश्रा ने युवा मोर्चा द्वारा विधानसभा वार्ड आयोजित होली मिलन समारोह में सहभागी हुई शाहपुर सिरमौर और जवा मैं आयोजित होली मिलन समारोह में बड़ी संख्या में एकत्रित युवाओं ने भाजपा के विजय का संकल्प लिया भाजपा लोकसभा प्रत्याशी जनार्दन मिश्रा ने सभी युवाओं को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है और आने वाला समय भारत की तरक्की और विकास की नई गाथा लिखेगा यही अवसर है और सही अवसर है जब हम अपने समर्थ और परिश्रम से जन-जन का दिल जीते और हर वोट बीजेपी को मिले इसके लिए हर व्यक्ति से संवाद और संपर्क करें मैं हमेशा सेवक बनाकर जनता की सुख दुख में खड़ा रहता हूं कोरोना काल जैसी विपदा में भी मैं दिन-रात जनता की सेवा के लिए समर्पित होकर जुटा रहा इस अवसर पर हरि प्रकाश कुशवाहा उत्कर्ष पटेल दयानंद तिवारी त्रियूगिईनारायण पटेल शिवेंद्र शुक्ला पुष्पराज सिंह

## जगन्नाथ मंदिर में चढ़ा अटिका प्रसाद, सैकड़ों भक्तों ने लिया हिस्सा





**रीवा।** रीवा। होली पर्व पर रीवा शहर के बिछिया में स्थित जगन्नाथ मंदिर में अटिका प्रसाद चढ़ाया गया। जिसमें भगवान जगन्नाथ स्वामी को कढ़ी-भात का प्रसाद चढ़ाने के बाद लोगों ने प्रसाद को ग्रहण किया जगन्नाथ मंदिर में अटका प्रसाद में सैकड़ो भक्तों ने हिस्सा लिया और होली पर्व की एक दूसरे को शुभकामना देने के साथ ही कढ़ी-भात का प्रसाद ग्रहण किए। बिछिया के जगन्नाथ मंदिर में हर वर्ष रंगों का यह पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। भगवान जगन्नाथ स्वामी की विशेष पूजा अर्चना की जाती और उन्हें अटिका प्रसाद चढ़ाया जाता है। इस दौरान होली गीत, फाग गीत के आयोजन होने के साथ ही उत्सव मनाया जाता है। जानकारों के द्वारा बताया गया कि पौराणिक कथाओं के अनुसार ऐसी मान्यता है कि जगन्नाथ स्वामी के दर्शन और उनके महाप्रसाद के सेवन से मनुष्य पाप मुक्त हो जाता है। उनके भात को लेकर सदियों से जाति पंथ का भेदभाव समाप्त हुआ। उनके प्रसाद मात्र से एक भाव आने के साथ ही, सामाजिक समरसता और भाई चारा को बढ़ावा मिलता है। बता दें कि बिछिया स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में बीते 57 सालों से यह आटिका महाप्रसाद भंडारे का आयोजन किया जाता है। जिसमें श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में कढ़ी-भात का वितरण होता है। वहीं यह मंदिर काफी मान्यताओं वाला है। जहां पूजा-अर्चना की परंपरा रीवा राज घराने के द्वारा शुरू की गई थी। मंदिर का निर्माण कार्य रीवा महाराजा रघुराज सिंह ने शुरू किया था। जिसे कालांतर में तत्कालीन रीवा महाराजा व्यंकट सिंह ने पूरा करवाया था। मान्यता के मुताबिक मंदिर 223 वर्षों पुराना है।

### उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने ग्रहण किया भगवान जगन्नाथ का प्रसाद

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल बिछिया स्थिति जगन्नाथ मंदिर पहुंच भगवान के दर्शन उपरांत प्रशाद ग्रहण किया उन्होंने कहा की होली के दिन होली मनाने के साथ ही जगन्नाथ मंदिरो मे प्रशाद वितरण किया जाता है जिसको लेने भक्तो की लंबी लंबी लाईन लगती है पिछले 58 वर्षो से यहां प्रशाद वितरण किया जा रहा हैं उन्होनें इस दौरान कहा की जल्द ही इस मंदिर का कायाकल्प किया जाएगा और अगली गोली में यहां का नजारा अलग ही दिखेगा।

# होली के अगले दिन पुलिस लाइन में बरसा रंग-गुलाल

**डीजे की धुनों पर मस्त होकर थिरके पुलिसकर्मी**


**रीवा।** जिले मे सोमवार को जब सभी जिलेवासी होली मना रहे रहे तो पुलिस सुरक्षा व्यवस्था और शांति व्यवस्था को दुरुस्त करने में लगी थी। होली के आगले दिन मंगलवार को पुलिस ने होली मनाई सभी पुलिस कर्मियों ने जमकर रंग-गुलाल उड़ाए। वहीं सभी संगीत की धुन पर जमकर थिरकते हुए नजर आए। पुलिस अधीक्षक, उप पुलिस अधीक्षक और सभी थाना प्रभारी होली के रंग में सराबोर नजर आए। रीवा एसपी विवेक सिंह ने नागिन डांस गाने की धुन पर पुलिसकर्मियों के साथ जमकर ठुमके लगाए वहीं दूसरी ओर एडिशनल एसपी विवेक लाल और अनिल सोनकर ने छोरा गंगा किनारे वाला की धुन पर महफिल लूट ली वही महिला



पुलिसकर्मियों के उत्साह में भी कोई कमी नजर नहीं आई। बिछिया थाना प्रभारी भूमेश्वरी चौहान, नौबस्ता चौकी प्रभारी अंकिता मिश्रा, महिला थाना प्रभारी निशा मिश्रा और निशा खूता ने होली खेलै रघुबीरा अवध में और जोगी जी गाने की धुन पर जमकर डांस किया। वहीं एसडीएम वैशाली जैन ने बैक टू बैक कई गाने सुनाये। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। होली और बॉलीवुड के गीतो और डीजे की धुन पुलिसकर्मियों ने जमकर जश्न मनाया। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिसकर्मियों के साथ साथ नए नवेले आरक्षकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। पहली बार इस तरह के आयोजन में उन्होंने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। शांतिपूर्ण त्योहार मनने के बाद कई पुलिसकर्मियों ने अवकाश भी लिया। हर साल होने वाले इस तरह के आयोजन में सभी पुलिसकर्मी शरीक होते हैं।

## खबर संक्षेप

### गलीराम के राज में गली गली बिक रही शराब और गांजा



**अनूपपुर।** कहते हैं पैसे में बहुत ताकत होती है लोग पहले तो यह नहीं मानते थे कि वाकई में ऐसा होता है लेकिन अमरकंटक पवित्र नगरी में इसका जीता जागता उदाहरण देखने को मिलता है। पवित्र नगरी अमरकंटक में शराब गाँजा बिक्री में मुख्यमंत्री द्वारा रोक लगाई गई है लेकिन यहां के सफेद पोश और वर्दीधारी जो अपने को पवित्र नगरी के रखवाले बताते हैं उन्हीं के द्वारा पवित्र नगरी अमरकंटक में खुलेआम शराब गांजा बिकवाया जा रहा है।

**यहां यहां बिक रही शराब**

जमुना दादर में लल्लू एवं रोहित के द्वारा शराब बेची जा रही है दूसरा नाका बाराती रोड में बांधा में जायसवाल द्वारा बाराती में चौधरी के द्वारा खुलेआम बेचा जा रहा है। ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी पुलिस प्रशासन को ना हो लेकिन पैसे के आगे सब नतमस्तक है इसीलिए तो कहते हैं जब सैया हुए कोतवाल तो डर काहे का। पत्रकार पर जानलेवा हमला होने के बाबजूद एफ आई आर दर्ज करने मे थाना प्रभारी कतरा रहे है। अमरकंटक तीर्थ स्थान दर्शन के लिए गए 5 मित्र जिसमे से 1 पत्रकार भी शामिल था नर्मदा मन्दिर दर्शन के बाद घूमते हुए जमुना दादर पहुंचे जहाँ 15 से 20 लोग लल्लू नामक व्यक्ति जो शराब बेचता है उसके यहां जमावड़ा लगाए हुए शराब ले रहे थे तभी पत्रकार बंधु द्वारा जानकारी लेना चाहा तभी लोगो के द्वारा मारपीट एवं गाली गलौज दी गई तब सभी लोग जैसे तैसे अपनी जान बचा कर थाना पहुंचे जहाँ थाना प्रभारी से लड़ाई के सम्बन्ध मे रिपोर्ट दर्ज करने की बात की गई थाना प्रभारी द्वारा आवेदन देने की बात कर आवेदन लिया गया और एफ आई दर्ज नहीं की गई। पूछने पर जाँच का हवाला देकर दूसरे दिन एफ आई दर्ज करने की बात कर खाना पूर्ति की गई समाचार लिखने तक एफ आई दर्ज नहीं की गईं। सूत्रों के माध्यम से पता चला अधिकारियो को गुमराह करने के लिए थाना प्रभारी द्वारा पत्रकार सहित सभी मित्रो को शराबी बता कर की ये सभी शराब पिए हुए थे और इनके द्वारा लड़ाई झगड़ा किया गया।

### युवक के शव मिलने से सनसनी

**अनूपपुर।** जिले के बिजुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत संदिग्ध परिस्थितियों में अज्ञात युवक का शव मिला, जिसके शरीर में चोट के निशान हैं, युवक की पहचान नहीं हो पाई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिजुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत कोरजा हनुमान मंदिर रोड पर हेलीपैड के पीछे मंगलवार-बुधवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में अज्ञात युवक का शव मिला। उसके शरीर पर गंभीर चोट के निशान हैं। मामले कर सूचना थाना प्रभारी ने उच्च अधिकारियों को दी। इसके बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शहडोल डीसी सागर, पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेंद्र सिंह पवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार सिंह सूचना मिलने पर घटनास्थल पहुंचे। जिसके बाद मौका पंचनामा कर शव का पोस्टमार्डम के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुरी भेजा गया। मृतक के दाहिने हाथ पर सूर्या लिखा है, एडीजीपी ने सूचना देने वाले को तीस हजार रुपए का नगद इनाम देने की घोषणा की है। बोलेरो व मोटरसाइकिल की भिडंत में युवक की मौत

### अधेड़ महिला की जहर खाने से मौत

**अनूपपुर।** कोतवाली थाना अनूपपुर एवं जिला चिकित्सालय अनूपपुर में एक्सीडेंट एवं जहर खाने से एक युवक एवं एक अधेड महिला की मौत हो गई है घटना की सूचना पर पुलिस के द्वारा जांच की जा रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अमरकंटक थाना अंतर्गत ग्राम खजूरवार निवासी 45 वर्षीय महिला शांतिबाई पति रामगोपाल चौधरी के अज्ञात कारणो से जहरीला पदार्थ खा लेने पर परिजनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय अनूपपुर में भर्ती कराया गया रहा जिसकी उपचार दौरान सोमवार की सुबह मौत हो गई।







लाव लश्कर के साथ दोनों की दलों के दिग्गजों का लगा जमावड़ा

# दोबारा नामांकन दाखिले में भाजपा कांग्रेस ने किया शक्ति प्रदर्शन

**शहडोल संसदीय क्षेत्र के लिए 27 मार्च को भाजपा कांग्रेस दोनों ही पाटियों ने लाव लश्कर के साथ शक्ति प्रदर्शन करते हुये दोबारा नामांकन दाखिल किया। भाजपा की ओर से जहां हिमाद्री सिंह के दोबारा नामांकन दाखिले मे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री समेत प्रदेश के तमाम दिग्गजों अपनी उपस्थिति दर्ज कराई वही कांग्रेस की ओर से फुंदेलाल का साथ देने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष समेत बड़े कांग्रेसी नेताओं ने हुंकार भरी। नामांकन के दौरान शक्ति प्रदर्शन के बाद जहां दोनों पार्टी अपनी जीत को लेकर आश्वस्त दिखे वही दोनो ही प्रत्याशी भीड़ को देखकर गदगद दिखाई पड़े, अब देखना 19 अप्रैल को मतदान दिवस व 4 जून को मतगणना मे पता चलेगा कि किसका पलड़ा भारी और किसे जनता ने चूना लगाया।**

## भाजपा से उप मुख्यमंत्री तो कांग्रेस की ओर से नेता प्रतिपक्ष व अध्यक्ष पहुंचे अनूपपुर

**अनूपपुर।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारी उत्साह के साथ अनूपपुर स्मार्ट सिटी से नामांकन रैली कलेक्ट्रेट पहुंची जहां भाजपा उम्मीदवार सांसद हिमाद्री सिंह द्वारा नामांकन पत्र जमा किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल, भाजपा प्रदेश महामंत्री संभाग के प्रभारी सत्येंद्र तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम महाजन, कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल, प्रदेश मंत्री विधायक मनीषा सिंह, अनूपपुर विधायक बिसाहू लाल सिंह, विधायक जय सिंह मरावी, धर्मेंद्र कुमार, जिला प्रभारी मिथिलेश प्यासी, प्रकाश जगवानी, अनूपपुर जिलाध्यक्ष रामदास पुरी, शहडोल जिला अध्यक्ष कमल प्रताप सिंह, उमरिया जिला अध्यक्ष दिलीप पांडेय, कटनी जिला अध्यक्ष दीपक टंडन की उपस्थिति में नामांकन रैली एवं आम सभा का आयोजन किया गया।

### हमारा देश बनेगा आर्थिक महाशक्ति

उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया, देश यह समझ चुका है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में देश सुरक्षित है यह चुनाव हमारे बच्चों के भविष्य बचाने का चुनाव है आज सभी लोग इस चीज को समझ चुके हैं। जो लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं वह भारत को मजबूत कर रहे हैं कोई सोच भी नहीं था कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पक्का मकान, फ्री उपचार, अच्छी सड़के, रेलवे लाइन का विस्तार, स्टेशनों का कायाकल्प, धारा 370, राम मंदिर निर्माण, कश्मीर समस्या का समाधान जैसे अनेक कार्य जनहित में करेंगे। कांग्रेस की सरकारों ने देश को दीमक की तरह खोखला कर रही थी, भाजपा सरकार आने के बाद देश के अंदर गरीब कल्याण की अनेक योजनाएं प्रारंभ की गई जिसका लाभ गरीब युवा महिला किसान हर वर्ग को मिला। राजेंद्र शुक्ला ने भाजपा उम्मीदवार हिमाद्री सिंह को प्रचंड मतों से विजय दिलाने की अपील कार्यकर्ताओं एवं आम जनमानस से की।

### सांसद व मंत्री ने भी किया सभा को संबोधित

नामांकन रैली के लिए आयोजित आमसभा को उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला सहित प्रदेश के राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल, सांसद भाजपा उम्मीदवार हिमाद्री सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष रामदास पुरी ने सभा को संबोधित कर आम जनमानस एवं भाजपा कार्यकर्ताओं से इस बार प्रचंड मतों से विजय दिलाने की अपील की। सभी लोगों ने संकल्प लिया एक बार फिर मोदी सरकार।

### इधर जमकर गरजे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

शहडोल संसदीय सीट के लिए नामांकन जमा करने के अंतिम दिन 27 मार्च को कांग्रेस ने नामांकन रैली निकाल सभा स्थल से पुष्पराजगढ़ विधायक एवं कांग्रेस उम्मीदवार फुंदेलाल सिंह मार्को ने दूसरी बार प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष रमेश सिंह के साथ कलेक्ट्रेट अनूपपुर में नामांकन पत्र जमा कराया। इसके पूर्व कांग्रेस की सभा को जीतू पटवारी सहित सभी नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। जहां से नामांकन रैली में रोड शो कर जनता से कांग्रेस के लिए आशीर्वाद मांगा। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जीतू पटवारी ने कहा कि 2014 लोकसभा चुनाव में मोदी ने कहा था कि बहुत हुई महंगाई की मार अबकी बार मोदी सरकार, पटवारी ने मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि स्विस बैंक की सूची है हमारे पास जिसमें कांग्रेस का कई नेताओं का पैसा है वह सूची आज तक नहीं आई। वर्तमान में ईडी तथा सीबीआई के छापे मे 50 नेताओं के ऊपर कार्यवाई की गई। न्यू इंडिया के बहाने देश मे कैसे कब्जा किया जाए न्यू इंडिया में केजरीवाल को अंदर कर दिया गया, भाजपा की शिवराज सरकार हर महीने 2000 करोड़ का कर्ज लेते थे और हाथ में माइक रखकर बहनों को कहते थे चिंता मत करना 1000 दे रहा हूं। चुनाव के बाद 3000 दूंगा किसी को मिला क्या। प्रदेश में जनता का चुनाव हुआ मुख्यमंत्री नहीं बल्कि पर्ची से चुनाव हुआ। मुख्यमंत्री मोहन यादव के कार्यकाल में महिलाओं के ऊपर अपराध का ग्राफ बड़ा है प्रदेश के कोई बॉर्डर ऐसा नहीं है जहां करप्शन नहीं है। हिमाद्री हमारी सांसद हैं प्रदेश की बेटी है पर पिछले 5 साल में हिमाद्री किसके किसके गांव आई किसी ने संसद भवन में संसद का 5 साल में एक बार भी सदन में खड़े होकर बोलते टीवी पर आई हो तो बता दो, किसी के सुख-दुख में कभी नहीं गई जब कहीं नहीं दिखती ऐसी सांसद को अब घर भेजने की तैयारी करो।

### आदिवासियों के ऊपर अत्याचार

अरुण यादव ने कहा की लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है यह चुनाव उन शक्तियों के खिलाफ हम लोग लड़ रहे हैं जिन्होंने सामाजिक समरसता भाईचारा को नष्ट करने का काम पिछले 10 सालों से कर रहें है। न्बेरोजगारी चरम पर है मोदी ने 2013 में एक करोड़ लोगों को रोजगार बात की थी आज भी युवा नौकरी की तलाश में राज्यों की ओर पलायन हो रहे है। मध्य प्रदेश में पिछले 18 सालों से भाजपा की सरकार शिवराज के नेतृत्व में और तत्कालीन मुख्यमंत्री महाघोटाले का प्रदेश बना दिया गया। यह वहीं विन्ध्य प्रदेश भाजपा की सरकार है जहां आदिवासियों पर अत्याचार होता है उनके ऊपर पेशाब किया जाता है

### 200 पार भी नहीं होगा भाजपा

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि कांग्रेस जब सरकार में थी तो मनरेगा बना लोगों को मजदूरी मिली, अब जब से मोदी सरकार बनी है तो मोदी के गारंटी में लोग बेरोजगार घूम रहे हैं। देश में दबाव बना कर बड़ी-बड़ी कंपनियों से लूटपाट हो रही है सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है अगर आज हम सब लोगों ने मिलकर आवाज नहीं उठाया तो लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। यहां कोलमाइंस में नौकरियां बंद है क्या यहां के सांसद ने नौकरी दिलाया। भूमि अधिग्रहण किया जा रहा और मुआवजा नहीं दिया जा रहा यहां के लोगों को रोजगार के लिए बाहर पलायन करना पड़ता है भाजपा सरकार को शर्म आनी चाहिए कि यहां के लोग रोजगार के लिए बाहर जाते हैं। प्रचार प्रसार पोस्ट गांव गांव में दिख जायेगा परंतु गांव में सड़के का अभाव आज भी है। किसानों को धान का सब समर्थन मूल्य 3100 रुपए आज तक नहीं मिला 24 घंटे अगर प्रदेश की मजरे वा टोले बिजली मिलती होगी तो मैं आज ही नेता प्रतिपक्ष से इस्तीफा दे दूंगा। भाजपा का 400 पार यह तो जुमला है यह तो 200 पार नही होगा।

## नामांकन के अंतिम दिन तक 10 अभ्यर्थियों ने भरा नामांकन

### अंतिम दिन छः नामांकन हुए दाखिल

नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने के अंतिम दिन बुधवार को शहडोल लोकसभा क्षेत्र के लिए छः अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र शहडोल के रिटर्निंग ऑफीसर आशीष वशिष्ठ के समक्ष इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी फुन्देलाल सिंह मार्को, भारतीय जनता पार्टी की अभ्यर्थी श्रीमती हिमाद्री सिंह, बहुजन समाज पार्टी के अभ्यर्थी धनीराम कोल, छत्तीसगढ़ विकास गंगा राष्ट्रीय पार्टी की अभ्यर्थी श्रीमती दुर्गा भरिया, निर्दलीय अभ्यर्थी श्रीमती केशकली बैगा तथा निर्दलीय अभ्यर्थी गुन्जान ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके पूर्व 4 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया था।



# जिले भर में होली की रही धूम, सुरक्षा के लिए पुलिस ने भी दिखाई मुस्तैदी

## राज्य मंत्री ने भी जमकर खेली होली, जमकर उड़े गुलाल

**अनूपपुर/कोतमा।** उमंग, उल्लास का प्रतीक रंगों का त्योहार रंगोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। जिला मुख्यालय सहित कोतमा, बिजुरी, राजनगर, रामनगर, भालूमाड़ा, जमुना, जैतहरी, वेंकटनगर, राजेंद्रग्राम, अमरकंटक सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र रंगों से सराबोर रहा। चारों ओर अबीर-गुलाल उड़ा। डीजे की धुन और ढोल की थाप पर बच्चे व युवा झूमते रहे और एक-दूसरे पर रंग उड़ेलते रहे। लोगों ने गुलाल लगाकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी।

### महिलाओं ने भी जमकर खेली होली

धुरेड़ी पर सोमवार मंगलवार को दिन निकलते ही बच्चों व युवा रंगों से भरी पिचकारियों, गुलाल व गुब्बारे आदि लेकर एक दूसरे को रंगने में जुट गए। जैसे-जैसे दिन चढ़ना शुरू हुआ, वैसे ही होली का खुमार सर चढ़कर बोलने लगा। फिल्मी गीतों की धुन व ढोल की थाप गूंजने लगे। बच्चों से लेकर बड़ों ने रंगों से सराबोर होकर नृत्य किया। छोटे-छोटे बच्चे रंगों में रंगे नजर आए। वहीं, अन्य लोग भी घरों से निकलकर सड़क पर खेलते दिखाई दिए। महिलाओं ने भी जमकर होली खेली। गली-मोहल्लों में डीजे पर गानों की धुनों व ढोल की थापों पर जमकर नृत्य किया। दोपहर तक युवाओं की टोली गली-मोहल्लों में घूमकर रंग-गुलाल उड़ाती रही।

### सुरक्षा के मद्देनजर फोर्स तैनात रही

पुलिस ने गली-मोहल्लों में गश्त किया। नगर व ग्रामीण क्षेत्र में रंगों का त्योहार हर्षोल्लास से शांतिपूर्वक मनाया गया। रंग व गुलाल से होली खेली गयी। नगर में भजिया व ठंडाई का वितरण हुआ। नगर के बस स्टैंड गांधी चौक आजाद चौक में डीजे की धुन पर नाचते युवाओं ने खूब अबीर गुलाल उड़ाया। और एक दूसरे के कपड़े को फाड़कर जमकर रंग बरसाए और डीजे की धुन पर नाचते दिखे। नगर पालिका अध्यक्ष के द्वारा नगर के गांधी चौक आजाद चौक बस स्टैंड में फायर ब्रिगेड की व्यवस्था करते हुए पानी की बौछार दो दिनों तक करवाते रहे। महिलाएं बच्चे एवं बड़े जमकर होली का लुफ्त उठाया।

ग्रामीण क्षेत्र में धुरेड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। भगवान शंकर के वेष में भोले बाबा ने जमकर डांस किया। क्षेत्र में एक दूसरे ने अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। दोपहर बाद नगर व आसपास के हजारों स्त्री-पुरुष आजाद चौक पर एकत्र हुए और जमकर महिलाएं बच्चे होली का आनंद उठाते नजर आए। कोतमा नगर में होली का पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। लोगों ने एक दूसरे को गुलाल व रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। लोग सुबह से ही टोली बनाकर एक दूसरे को बधाईयां देते रहे। ग्रामीण क्षेत्रों मे चुनावी माहौल के बीच होली का पर्व धूमधाम और शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। गांवों में युवा सड़क से गुजर रहे लोगों पर रंग लगाते नजर आए। कोतमा नगर में होली पर सुबह से बच्चों ने पिचकारी में रंग भरकर एक-दूसरे को भिगोया। बच्चों के अलावा बडों ने भी एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी। युवकों ने डीजे पर जमकर डांस किया। जगह-जगह होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस भी अलर्ट रही। क्षेश्र मे होली पर्व शान्तिपूर्वक मनाया गया।

### राज्य मंत्री ने भी जमकर खेली होली

मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने अपने निवास पर जमकर होली खेली। लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर राज्य मंत्री को अबीर गुलाल लगाया और जमकर रंग उड़ाए। राज्य मंत्री ने सभी को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए शांतिपूर्ण ढंग से होली मनाई जाने की अपील की।

### जगह-जगह हुआ फाग

होली का त्यौहार हो और भाग की बात ना हो ऐसे में होली का पर्व अधूरा सा लगता है। होली पर्व को लेकर रविवार से ही नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह भाग की टीम ने फगुआ गाकर होली पर्व को और खुशनुमा बना दिया यह सिलसिला सुबह से लेकर देर रात तक चलता रहा।



# नामांकन के पहले एक दिन में कांग्रेस को लगे दो झटके

### कोतमा नपा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित 62 लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता



**अनूपपुर।** कांग्रेस को भाजपा ने एक दिन में दोहरा झटका दिया हैं। सुबह बिजुरी में दो पार्षद एवं जिला महामंत्री हुए भाजपा के साथ हुए तो दूसरी ओर कोतमा के पूर्व विधायक सुनील सराफ के करीबी जिला मुख्यालय अनूपपुर में जब कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन पत्र जमा करा रहे थे तभी भाजपा खेमे में कोतमा नगर पालिका अध्यक्ष व उपाध्यक्ष सहित 62 कांग्रेसियों ने उपमुख्मंत्री राजेन्द्र शुक्ला के हाथों भाजपा की सदस्यता लेकर भाजपा परिवार में शामिल हो गये। जिसमें नपा अध्यक्ष उपाध्यक्ष के साथ 15 महिलायें भी शामिल हैं। भाजपा मे शामिल होने वालों मे अजय सराफ अध्यक्ष नगर पालिका कोतमा, वैशाली बद्री ताम्रकार उपाध्यक्ष नगर पालिका कोतमा, बद्री ताम्रकार जिला महामंत्री कांग्रेस, साहिद अली, जीके पाण्डेय, पूर्व ब्लाक कांग्रेस आई.टी. सेल एवं मीडिया प्रभारी, चुनाव प्रबंध विशेषज्ञ, मुसर्रफ अली, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष, चुनाव प्रबंध विशेषज्ञ एवं रणनीतिकार, बृजमोहन ताम्रकार, मनीष अग्रवाल, रवि गर्ग, मो. आरफीन, आषीश अग्रवाल, अनिरुद्ध ताम्रकार, दीपक ताम्रकार, अजय ताम्रकार पप्पू, विश्वास सोनी, विवक सिंह, राजेश सिंह चंदेल, कमलेश जीवनानी, ओम प्रकाश सोनी, अमरीश सोनी, आशीष सोनी, अभिषेक सोनी, शम्भू केवट, अर्पित सिंह चंदेल, शिद्ध सोनी, जय कुशवाहा, अंकित सराफ, स्वार्पनल सोनी, मिथुल शर्मा, देवराज ताम्रकार, आशुतोष तिवारी, ओम नारायण ताम्रकार, राजकुमार सोनी, जयवीर सिंह, जिला अध्यक्ष कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, अभिषेक जैन बेन्टेक्स, रवीन्द्र जैन कइया, मेघा सराफ, अनुराधा ताम्रकार, गोल्डी ताम्रकार, सुरैया साहेब, रीता गुप्ता, वी साई गीता, नेहा अग्रवाल, वर्षा चावला, रूबी अग्रवाल, मनीषा गर्ग, नेहा आजमी, सुष्मिता अग्रवाल, पूनम सोनी, मनीष सोनी, रवि कुशवाहा, प्रदीप, दीपेश, अनुज, छोटू शिवहरे, किरण गोयनका, ज्योति ताम्रकार, आनंद जैन, नीलेश सोनी, मिथलेश जैन एवं गंगा केवट शामिल हैं।

## धूमधाम से मनाया गया अटूट प्रेम का प्रतीक भाई दूज का त्यौहार



अनूपपुर/कोतमा। बुधवार को भैया दूज का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। भाइयों के माथों पर तिलक कर बहनों ने दीघार्यु की कामनाएं की। बहनों को आकर्षक उपहार दिए गए। सुबह से ही बाजारों में भीड़ उमड़ गई थी। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में त्योहार परंपरा के साथ मनाया गया।

### अटूट प्रेम का त्यौहार

भैया दूज का पर्व प्रेम का प्रतीक है और अटूट प्रेम को दर्शार्ता है। इस दिन खुशियों से बहन-भाईयों की झोली भर जाती है। दीघार्यु की कामना होती है और सुरक्षा का संकल्प दिया जाता है। बुधवार को भैया दूज पर्व को लेकर बहन-भाईयों में उत्साह था। विवाहित बहनें अपने मायके पहुंचकर परंपराओं का निर्वहन किया। वहीं भाई भी बहन की ससुराल पहुंचकर कोथली देकर अपनी रीति रिवाज को निभाया। दीघार्यु के लिए माथों पर तिलक कर और मिठाई खिलाकर कामनाएं की।

### रक्षा करने का संकल्प

कभी किसी तरह की बाधा न आए इसके लिए ईश्वर से कामनाएं की। वहीं भाईयों ने आकर्षक और मनमोहक उपहार देकर उनकी हमेशा रक्षा करने का संकल्प दिया। त्योहार को लेकर बाजारों में भारी भीड़ रही। गिफ्ट सेंटरों से आकर्षक उपहार खरीदे गए। कपड़े खरीदने को लेकर भी उत्साह रहा। मिठाई की दुकान पर भारी भीड रही। सुबह से ही बाजारों में लोगों की भीड़ बढ़ना शुरू हो गई थी। छोटे बच्चों में भैया दूज के पर्व को लेकर उत्साह रहा है। ताली सजाकर उसमें सूखा गोला, सिंदूर और मिठाईयां रखी। उसके बाद पंरपराओं के अनुसार टीका किया और मिठाई से मुंह मीठा कराया। उसके बाद धनराशि या उपहार दिए गए। खेल-खिलौने लेकर छोटी बहनों में खूब मस्ती की।

### बसों की रही किल्लत, झेलनी पड़ी परेशानी

भैया दूज के पर्व के मौके पर बसों की किल्लत रही है। बस स्टैंड पर घंटों तक इंतजार करना पड़ा। यहां तक कि बसों में सवारियों को खचाखच भरकर ले जाया जा रहा था, जिस कारण असुविधा का सामना करना पड़ा। यह हाल जिले के सभी मार्गो पर था। वहीं डग्गामार वाहन चालकों ने जमकर चांदी काटी। कुछ स्थानों पर निर्धारित रेट से अधिक की वसूली की गई। प्राइवेट वाहन और बाइकों की सभी मार्गो पर आवाजाही रही है।